10 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 4/10/2025 9:02 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 अहिंसा परमोधर्म का संदेशः जैन समाज ने निकाली शोभा यात्रा



**खबर संक्षेप**

## सुशासन तिहार में जुटीं सुशासन संगवारी दीदियां



**बैकुण्ठपुर।** जिले में इन दिनों सुशासन तिहार बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा हैं। शासन की इस महत्वाकांक्षी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य सुशासन संगवारी दीदियों के माध्यम से किया जा रहा है। ग्राम बड़गांव सहित कई गांवों में सुशासन संगवारी दीदियां सक्रिय रूप से लोगों को आवेदन भरवाने, तिहार का उद्देश्य समझाने और समस्याएं दर्ज कराने के लिए प्रेरित कर रही हैं। ग्राम स्तर पर आयोजित बैठकों के माध्यम से आमजन को सुशासन तिहार के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। दीदियां गांव-गांव जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दे रही हैं, साथ ही सरकार तक अपनी समस्याएं पहुंचाने के लिए आवेदन भरने में भी मदद कर रही हैं। कोरिया जिले में कुल 170 सुशासन संगवारी दीदियां नियुक्त की गई हैं, जो इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। इनमें बैकुंठपुर विकासखंड में 120 तथा सोनहत विकासखंड में 50 संगवारी कार्यरत हैं। ये दीदियां घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रही है और उन्हें आवेदन प्रक्रिया में सहयोग दे रही है।

## गौवंश के लिए 75 नाद की व्यवस्था जनसहयोग से



**बैकुण्ठपुर।** भीषण गर्मी के चलते बैकुंठपुर क्षेत्र में घूम रहे बेजुबान गौवंश की प्यास बुझाने के लिए इस वर्ष भी जन सहयोग से पानी के 75 नग नाद की व्यवस्था की गई है। गर्मियों में तालाब व नाले सूख जाने से इन बेसहारा जानवरों को पानी के लिए भारी दिक्कत होती है। इस दर्द को समझते हुए समाजसेवियों ने आगे आकर एक अनुकरणीय पहल की है। गौ रक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग दुबे ने बताया कि नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव (लल्ला) के द्वारा 10 नाद, आशीष डबरे द्वारा 10, ज्ञानेन्द्र शुक्ला द्वारा 10, विपिन मिश्रा द्वारा 10, अनमोल पाल (सानू) द्वारा 10, नयन केवलानी द्वारा 10 तथा आयुष नामदेव द्वारा 5 नाद की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही संयोजक द्वारा भी 10 नाद उपलब्ध कराए गए। कुल मिलाकर 27 हजार की लागत से गौरक्षा वाहिनी को 75 नाद उपलब्ध कराए गए हैं। उपलब्ध नाद निःशुल्क दिए जा रहे हैं, किंतु लोगों से यह अपील की गई है कि वे इनमें नियमित रूप से पानी भरते रहें, ताकि यह व्यवस्था व्यर्थ न जाए। नगरवासियों से अपील किया गया है कि जो भी सज्जन इन नादों की जरूरत महसूस करें, वे संपर्क कर इन्हें निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा केवल गौवंश की सेवा नहीं, बल्कि मानवता का एक पवित्र कार्य है।

**एसईसीएल के दो अधिकारियों की डूबने से हुई थी मौत** | **स्नान व सेल्फी पर लगा प्रतिबंध, प्रशासन ने घोषित किया प्रतिबंधित क्षेत्र**

# अमृतधारा जलप्रपात में दर्दनाक हादसे के बाद जागा प्रशासन


सैर-सपाटे के दौरान हादसा
अमृतधारा जलप्रपात में डूबने से एसईसीएल के दो अफसरों की मौत
हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुण्ठपुर/मनेन्द्रगढ़
एमसीबी जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अमृतधारा जलप्रपात में मंगलवार को सैर-सपाटे के दौरान बड़ा हादसा हो गया। एसईसीएल हल्दीबाड़ी कॉलरी में पदस्थ दो युवा अधिकारी जलप्रपात के नीचे गहरे
■ नहाते समय पैर फिसलने

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल अमृतधारा जलप्रपात में हाल ही में हुए दर्दनाक हादसे के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। एसईसीएल के दो अधिकारियों की डूबने से हुई मौत के बाद अब प्रशासन ने अमृतधारा जलप्रपात क्षेत्र में स्नान और सेल्फी लेने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। प्रशासन ने घटनास्थल को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करते हुए चेतावनी बोर्ड और बैरिकेडिंग की व्यवस्था शुरू कर दी है। साथ ही सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी की जा रही है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की कोई दुर्घटना न हो। प्रशासन ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से भी सहयोग की अपील की है ताकि लोग इस फैसले का पालन करें और दूसरों को भी जागरूक करें। अमृतधारा क्षेत्र बेहद खूबसूरत लेकिन संवेदनशील है। लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। विदित हो कि एमसीबी जिले के लाई के समीप स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अमृतधारा जलप्रपात में बीते मंगलवार को हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया था। एसईसीएल चिरमिरी में पदस्थ दो युवा अधिकारी पिकनिक के दौरान जलप्रपात के गहरे पानी में डूब गए थे, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान शुभम मनहर उम्र 32 वर्ष निवासी शहडोल मध्यप्रदेश और पृथ्वीराज उम्र 36 वर्ष निवासी तेलंगाना के रूप में हुई थी। लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी लिंगराज सिदार ने तत्काल प्रभाव से अमृतधारा जलप्रपात के निचले हिस्से और खाई ▸▸ शेष पेज 4 पर











## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत दल रवाना, उत्साहित दिखे तीर्थयात्री

# मंत्री लक्ष्मी ने 109 तीर्थयात्रियों को किया रवाना

**बैकुण्ठपुर/चरचा कॉलरी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत कोरिया जिले के श्रद्धालुओं को लेकर एक विशेष ट्रेन गुरूवार को बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन से रवाना हुई।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने हरीझंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। छग सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत कोरिया जिले से गुरूवार को 109 श्रद्धालु विशेष ट्रेन से तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए। इन यात्रियों में 40 महिलाएं एवं 69 पुरूष शामिल हैं, जो जिले के बैकुंठपुर एवं सोनहत विकासखंड से आए हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को इस योजना के अंतर्गत तीर्थ यात्रा का अवसर दिया जा रहा है। कोरिया जिले के बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन से दोपहर 1.45 बजे यात्रियों को लेकर ट्रेन अंबिकापुर के लिए रवाना हुई और वहां से विशेष ट्रेन के माध्यम से उन्हें उज्जैन, ओंकारेश्वर एवं महाकालेश्वर जैसे तीर्थ स्थलों के दर्शन कराएगी। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि यह योजना बुजुर्गों और श्रद्धालुओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे जीवन में एक बार ▸▸ शेष पेज 4 पर


स्टेशन पहुंची मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े।



### 9 तीर्थयात्री शिवपुर चरचा से

तीर्थयात्रा में श्रद्धालुओं में नगर पालिका शिवपुर चरचा क्षेत्र से 9 श्रद्धालु शामिल हैं। इनमें काशी वर्मन, इंदो वर्मन, सुरेश शर्मा, दुर्गावती तिवारी, परशुराम तिवारी, विकास तिवारी, नीलम तिवारी, भूखली देवी सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि छग सरकार की इस योजना का उद्देश्य बुजुर्ग और असहाय नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर प्रदान करना है। योजना के तहत यात्रियों को विशेष ट्रेन, भोजन, आवास, दर्शन और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की जाती है।

## कार्रवाईः जनकपुर के तत्कालीन तहसीलदार और पटवारी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर/जनकपुर।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सुदूर वनांचल जनकपुर क्षेत्र में जमीन के रिकॉर्ड में हेराफेरी के एक गंभीर मामले में तत्कालीन तहसीलदार सत्यपाल राय और हल्का पटवारी आशीष सिंह को जनकपुर पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार कर थाने लाया। दोनों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468 और 478 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।


सत्यपाल राय

■ जमीन के रिकॉर्ड में हेराफेरी मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला ग्राम बहरासी का है, जहां प्रार्थी गोविंद राम की जमीन की खरीदी-बिक्री में दस्तावेजों से छेड़छाड़ की गई थी। इस मामले में पहले से रामधनी यादव नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है, जो पूर्व में जेल भी जा चुका है। पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि तत्कालीन तहसीलदार सत्यपाल राय और पटवारी आशीष सिंह की भूमिका भी इस गड़बड़ी में संदिग्ध पाई गई। इस पर दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई और पुलिस ने सत्यपाल राय को कोरबा से गिरफ्तार किया, जबकि आशीष सिंह को भी पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया। थाना प्रभारी जनकपुर विवेक पाटले ने बताया कि गुरुवार को दोनों आरोपियों को मनेन्द्रगढ़ न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। ▸▸ शेष पेज 4 पर

## रामनवमीं पर चैता कार्यक्रम कलाकारों का सम्मान



**डोमनहिल।** प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी क्षत्रीय समाज चिरमिरी के द्वारा महाराणा प्रताप भवन डोमनहिल में रामनवमी के शुभ अवसर पर पारंपरिक चैता कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से किया गया।

कार्यक्रम में कोरिया कॉलरी, पोड़ी कॉलरी, हल्दीबाड़ी, गोदरीपारा, डोमनहिल सहित मनेन्द्रगढ़ भोजपुरी समाज के चैता गायकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत क्षत्रीय समाज के वरिष्ठ सदस्य कामेश्वर सिंह द्वारा सभी कलाकारों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर और तिलक लगाकर सम्मानित करते हुए की गई। इस दौरान वातावरण में रामभक्ति के भावों की गूंज सुनाई दी और उपस्थित जनसमुदाय झूम उठा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार त्रेतायुग में भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को अयोध्या में राजा दशरथ व माता कौशल्या के घर अवतार लिया था। इसी उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष रामनवमी पर श्रीराम जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है और चैता गीतों के माध्यम से प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंगों का गुणगान किया जाता है। कार्यक्रम में व्यास स्वामीनाथ शर्मा के साथ-साथ कामता सिंह, उत्तम राय और अन्य कलाकारों की शानदार प्रस्तुति देख लोग भाव-विभोर हो गए। समाज के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी संस्कृति और सभ्यता को जीवित रखने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय सिंह, दयानंद सिंह, लक्ष्मी सिंह, ओमप्रकाश सिंह सहित क्षत्रीय समाज के सभी सदस्यों की अहम भूमिका रही।

## निःशुल्क कोचिंग योजना पर जागरूकता सेमिनार

**मनेन्द्रगढ़।** डॉ.आरएनएस बीएड कॉलेज मनेन्द्रगढ़ में श्रम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर, प्रिंसिपल, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस योजना का उद्देश्य श्रमिक वर्ग के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा में लाना है। योजना के तहत वे अभ्यर्थी पात्र हैं, जिनके अभिभावक मंडल में एक वर्ष से पंजीकृत श्रमिक हैं और वे स्वयं अथवा उनकी प्रथम दो संतान इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, बशर्ते कि वे संबंधित प्रतियोगी परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखते हों। आवेदन की प्रक्रिया को भी सरल और सुलभ बनाया गया है। आवेदक स्वयं, किसी चॉइस सेंटर या श्रम कार्यालय के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के लिए जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज तथा स्व घोषणा प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। इस योजना के तहत लाभार्थियों को सीजीपीएससी, सीजी व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी।




## बदला मौसम का मिजाज, गर्मी से मिली राहत

# गरज के साथ शहर में झमाझम बारिश, भींगी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुंठपुर

मौसम में आए बदलाव के कारण कोरिया जिले में बुधवार से ही बूंदाबांदी के साथ कुछ जगहों पर बौछार पड़ी।

दूसरे दिन गुरूवार को सुबह से दोपहर तक धूप भरा मौसम बना रहा, लेकिन अपरान्ह बाद आसमान में बादल छाने लगे और इसी बीच अचानक अपरान्ह करीब 4 बजे बारिश शुरू हो गई, जो कुछ मिनट के बाद थम गई, लेकिन इसके कुछ देर के बाद फिर काले घने बादलों ने फिर बरसना शुरू कर दिया और कुछ देर तक बारिश चलती रही, जिससे कि शहर को भिंगो दिया। जानकारी के अनुसार शहर सहित जिलेभर में गुरूवार अपरान्ह को बारिश हुई। अप्रैल माह में बढ़ रही तेज धूप के बीच बेमौसम अच्छी बारिश हुई, इससे सड़कों पर पानी बहने लगा एवं खेत भी पूरी तरह से भींग गए। बारिश के कारण मौसम खुशनुमा हो गया और तेज गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन उमस भरी गर्मी से लोग परेशान होते रहे। शाम ढलने के समय कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर सहित आस-पास के क्षेत्रों के साथ जिले के कई हिस्सो में कुछ देर तक झमाझम बारिश हुई, इससे कि पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया। जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल से मौसम में सुधार होने की उम्मीद है, इसके बाद लगातार मौसम ▸▸ शेष पेज 4 पर



### आंधी बारिश के साथ बिजली गुल

गुरूवार को वैसे तो दिन में कई बार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौनी होती रही। इसी बीच अपरान्ह लगभग 4 बजे करीब तेज आंधी के साथ बारिश की शुरूआत हुई तो इसके साथ ही शहर क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। बारिश थम गई और इसके कुछ देर बाद फिर बारिश शुरू हुई, लेकिन बिजली दो घंटे से भी अधिक समय तक गुल रही। बिजली गुल होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

10-APRIL- JAS- KORIYA- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/10/2025 7:41 PM Page 1



## खबर संक्षेप





### भाजपा मंडल परसा, सीतापुर राजापुर के नए अध्यक्ष नियुक्त

**अम्बिकापुर।** भाजपा को सशक्त और संगठित बनाने की दिशा में पार्टी ने नवगठित तीन मंडलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की है। भाजपा सरगुजा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अनुशंसा पर पार्टी ने परसा मंडल का संतोष जायसवाल, सीतापुर मंडल का त्रिलोचन सदावर्ती एवं राजपुर मंडल का भगत राम पैकरा को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष श्री सिसोदिया ने बताया कि मनोनीत मंडल अध्यक्ष पार्टी के सिद्धांतों, विचारधारा एवं नेतृत्व के प्रति पूर्ण निष्ठा रखते हुए कार्य करेंगे, और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम



**सूरजपुर।** श्रीमती विनीता वार्नर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय से जागरूकता रैली निकाली गई। जिला न्यायालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा स्नेह सम्बल वृद्धआश्रम, ज्ञानोदय श्रवण बाधित विशेष विद्यालय बिश्रामपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला चिकित्सालय से श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर रैली को रवाना किया गया, रैली जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर रैली समापन उपरान्त जिला न्यायालय परिसर में निःशुल्क चिकित्सा जॉच कैम्प एवं सन्गोष्ठी कार्यक्रम किया गया। श्रीमती विनीता वार्नर ने बदलते मौसम के साथ बढ़ती मौसमी बीमारियों से सतर्क रह कर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने को कहा। श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल ने स्नेह सम्बल वृद्ध आश्रम में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित वृद्धजन को विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### भाजपा स्थापना दिवस पर बूथों में किया गया ध्वजारोहण



**अम्बिकापुर।** भाजपा स्थापना दिवस पर बूथों में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम प्रभारी हरपाल सिंह भामरा ने बताया कि भाजपा का स्थापना दिवस 6 अप्रैल से डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल तक सरगुजा संभाग के सभी 6 जिलों में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सरगुजा संभाग के सभी जिलों के 3743 में से 90 फीसदी बूथों में 6 व 7 अप्रैल को ध्वजारोहण कर स्थापना दिवस मनाया गया। आने वाले दिनों में सेवा, स्वच्छता, समरसता तथा जनसंपर्क के कार्यक्रम होंगे।

### एक माह से लापता युवक का नहीं लगा सुराग, दर-दर भटक रहे परिजन

प्रतापपुर। चंदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पहिया से लापता युवक की एक माह बाद भी पता नहीं चल सका। परिजन ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पहिया निवासी राम विचार पोर्टे आ. रामकुमार पोर्टे (19 वर्ष) 4 फरवरी को घर से निकला था जिसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजन को लगा कि वह कहीं चला गया होगा। इधर युवक के वापस नहीं होने परिजन ने जब गांव व आसपास के इलाकों में तलाश किया लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चला। परिजन का आरोप है कि युवक के लापता हो गया और खोजबीन के बाद कहीं पता नहीं चला तो थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गए लेकिन पुलिस से खुद ही खोजबीन करने की बात कही। परिजन पुलिस से कई बार युवक की तलाश करने की गुहार लगाई लेकिन पुलिस द्वारा किसी प्रकार की मदद नहीं की। बल्कि उल्टा परिजन को फटकार लगाकर भगा दिया। परिजन का कहना है कि लापता युवक के मोबाइल पर एक बार एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था, जिसमें उसने परिजनों से कहा कि वह परेशानी में है और पैसे भेजने को कहा। इसके बाद से कोई संपर्क नहीं हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि चंदौरा पुलिस पिछले एक माह से लापता युवक को खोजने के लिए कोई पहल नहीं की है। साथ ही ग्रामीणों ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने तथा दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में एसडीओपी सौरभ वीके ने बताया कि कहा कि मामले का पता करवाता हूं। चंदौरा थाना में पुलिस को ढूंढने में मदद करनी चाहिए। परिजन के साथ मिलकर युवक की तलाश की जाएगी। थाना में गुमशुदगी लिखी गई है या नहीं इसे लेकर जांच कराई जाएगी।



## शौचालय में पसरी गंदगी, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

# बस स्टैंड स्थित सुलभ की हालत दयनीय



बस स्टैण्ड स्थित बदहाल सुलभ शौचालय, इनसेट में बजबजाती नाली।



बस स्टैण्ड में फैली गंदगी एवं कचरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत के बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय की हालत दयनीय हो गई है। पानी टंकी के समीप विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल नगर पंचायत द्वारा स्थानीय बस स्टैंड में हजारों यात्री सहित लोगों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया है। परंतु देख रेख के अभाव में शौचालय की हालत जर्जर हो गई है वहीं हर समय शौचालय के बंद होने से लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा।

स्थानीय बस स्टैंड में हर रोज बड़ी संख्या में लोग पहुंचते है। ऐसे में यात्री सहित लोगों की सुविधा के लिए लाखों की लागत से शौचालय का निर्माण कराया गया है। लंबे समय से सही तरीके से देखरेख नहीं होने से शौचालय की स्थिति बद से बत्तर हो गई है। नगर पंचायत में एक ही सुलभ शौचालय है जिसके मरम्मत के नाम से राशि आहरण की कई परंतु घटिया मरम्मत होने के कारण स्थिति कुछ माह के भीतर ही ज्यों कि त्यों हो गई। लोगों का कहना है कि जितनी राशि मरम्मत के नाम पर खर्च की गई है उतना राशि में तो नए शौचालय भवन का निर्माण हो सकता था। साफ सफाई नहीं होने के कारण सुलभ शौचालय में गंदगी का अंबार सहित आए दिन ताला बंद रहता है। गुणवत्ताहीन कार्य होने के कारण शौचालय भवन जर्जर हो गई है। विकासखंड शिक्षा कार्यालय के पास शौचालय होने तथा शौचालय के बंद होने से कार्यालय के पास पास लोग गंदगी फैलाना शुरू कर दिए है जिससे लोग दुर्गंध व गंदगी से परेशान है।

**खास बातें**
- मरम्मत के बाद भी शौचालय की हालत हो गई बद से बत्तर
- गंदगी व दुर्गंध से लोग परेशान

### महिलाओं को होती है परेशानी

शौचालय के जर्जर और हमेशा बंद होने से महिला को शौचालय जाने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुरुष किसी तरह इधर उधर जाकर बाथरूम करते है लेकिन भीड़ भाड़ क्षेत्र होने के कारण महिलाएं खुले में नहीं जा सकती जिससे उन्हें काफी दिक्कत होती है। बस से सफर करने वाली महिलाएं स्थानीय बस स्टैंड में शौच के लिए शौचालय ढूंढती है लेकिन कहीं नहीं मिलने के कारण जहां थोडी आढ़ मिलती है वहीं बैठ जाती है। कई बार तो महिलाओं को छींटाकशी का भी सामना करना पड़ता है।

### कई बार हो चुकी है मरम्मत

स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड में एक शौचालय है जहां पहले बस स्टैंड आने वाले यात्री सहित स्थानीय लोग शौचालय का उपयोग करते थे। लेकिन मरम्मत के अभाव में शौचालय की हालत काफी जर्जर हो चुकी है। पूर्व में भी शौचालय भवन की मरम्मत कराई गई थी परंतु मरम्मत कार्य गुणवत्ता हीन होने के कारण शौचालय की स्थिति दयनीय हो गई। लोगों का कहना है कि मरम्मत के नाम पर राशि का सिर्फ दुरुपयोग किया गया जबकि शौचालय भवन की मरम्मत में कितनी राशि खर्च की गई इतने में नए शौचालय भवन बन जाती।

### स्वच्छता सर्वेक्षण बना फोटोशूट अभियान

शहर के बीचों बीच स्थित शिक्षा विभाग कार्यालय के समीप बने सुलभ शौचालय की हालत दयनीय है कि लोग मजबूरी स्टेडियम ग्राउंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों का उपयोग करते हैं। स्वच्छता के नाम पर केवल दिखावा किया जा रहा है। नगर पंचायत में स्वच्छता सर्वेक्षण की टीमों के आगमन के वक्त थोड़े समय के लिए कुछ बोर्ड और डस्टबिन्स लगाए जाते हैं और तस्वीरें ली जाती हैं। जिसके बाद फिर सबकुछ पूर्ववत हो जाता है। हकीकत में न सफाई दिखती है न ही शौचालयों की कोई सुध ली जाती है।

### नगर की सफाई व्यवस्था बत से बत्तर

नगर में सफाई की स्थिति बद से बत्तर हो गई है। गर्मी शुरू होने के बाद भी नालियां बाजबजा जाती हुई नजर आ रही है। नालियों के दुर्गंध से लोग परेशान है। कई जगह के ढक्कन उखड़ गए हैं जिसका रिपेयरिंग का नाम से राशि खर्च करने के बावजूद भी नालियो सहित आसपास क्षेत्र में कचरे का ढेर जमा हो जाता है जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। दुर्गंध से अब लोगों का सांस लेना दुबर हो रहा है और कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बनाए जाएंगे नए शौचालय

नगर के लोगों द्वारा लंबे समय से नए शौचालय की मांग की जा रही है। जल्द ही नए शौचालय बनाया जाएगा। पुराने शौचालय का क्या मामला है इसकी जानकारी ली जाएगी।
**-यूसीप्रिया एक्का**, नपं सीएमओ

## दुकानदारों को लेना पड़ेगा 1 व 2 रुपए का सिक्का : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में 1 और 2 रुपए के छोटे मूल्य के सिक्कों के दुकानदारों और व्यापारियों द्वारा न लेने की शिकायत पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि एक और दो रुपये के सिक्कों को प्रचलन से बाहर मानकर लेने से इंकार करने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इस सम्बन्ध में आदेश जारी करते हुए उन्होंने कहा है कि जिले का कोई भी दुकानदार या व्यापारी जब तक ये सिक्के आधिकारिक रूप से प्रचलन से बाहर नहीं हो जाते, तब तक उन्हें ग्राहकों से स्वीकार करें अन्यथा, संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



जिले के दुकानदारों, व्यापारियों द्वारा छोटे भारतीय मुद्रा यथा 1 एवं 2 रूपये के सिक्के को चलन से बाहर मानकर लेने से इंकार किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में निरंतर मौखिक एवं दूरभाष पर शिकायत प्राप्त हो रही थी। गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक सिक्के का अनुमोदन कर प्रचलन के लिए बैंकों में भेजती है। इसके बाद बैंकों से ही सिक्के बाजार में चलन के लिए आता है। किसी व्यापारी द्वारा मनमानी ढंग से सिक्कों को लेने से इनकार किया जाना राजद्रोह की श्रेणी में आता है। इसके लिए भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 124-ए वर्तमान में संशोधित भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 152 के तहत 03 साल से लेकर आजीवन कारावास तक के दण्ड से दण्डित किए जाने का प्रावधान है। ऐसे में जिले का कोई भी दुकानदार या व्यापारी जब तक 1 एवं 2 रूपए के सिक्के प्रचलन से बाहर नहीं हो जाते हैं, उनके द्वारा ग्रहण किया जाए। अन्यथा मुद्रा ग्रहण नहीं करने की स्थिति में वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

### नपं बिश्रामपुर में सुशासन तिहार पर लिए जा रहे समस्या सम्बन्धी आवेदन

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत मंगलवार से नगर पंचायत बिश्रामपुर के लोगों ने अपनी समस्याओं की निराकरण के लिए आवेदन देना शुरू किया है। नपं सीएमओ सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि नपं बिश्रामपुर में रखे समाधान पेटी में डाले गए समस्याओं का समाधान शासन स्तर पर जल्द ही किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश के नगरीय निकायों के साथ सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं जिला कार्यालय में भी सुशासन तिहार प्रारंभ कर समाधान पेटी स्थापित कराया गया है। नपं क्षेत्र अंतर्गत समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है, जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास, पानी, बिजली, राशन कार्ड, पाइपलाइन मरम्मत, निराश्रित पेंशन जैसी मूलभूत सुविधाओं के संबंध में आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल तक पहले चरण में आवेदन लिए जाएंगे। सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित होगा। नपं क्षेत्र अंतर्गत तीन स्थानों पर समाधान पेटी रखकर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं, जिसमें आजाद ग्राउंड स्थित सामुदायिक भवन, ग्लोब स्कूल, नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन लिए जा रहे हैं। सुशासन तिहार के पहले दिन 87 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग 75 एवं शिकायत के 12 आवेदन शामिल हैं। उसी प्रकार बुधवार को दूसरे दिन 63 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग सम्बन्धी 58 एवं 5 शिकायत संबंधी आवेदन हैं।

## भाजपा शहर मंडल में हुआ सक्रिय सदस्य सम्मेलन

**अम्बिकापुर।** भाजपा के स्थापना दिवस सप्ताह में मंगलवार को शहर मंडल द्वारा सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें माँ महामाया एवं माँ समलाया बूथों के समर्पित कार्यकर्ताओं एवं बूथ कमेटियों ने भागीदारी की।



सम्मेलन में भाजपा का इतिहास एवं विकास 1980 से 2025 पर वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि यह एक वैचारिक आंदोलन है जो राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारत को विश्वगुरू बनाने के यज्ञ में अग्रणी भूमिका निभा रही है। भाजपा का हर कार्यकर्ता अंत्योदय की भावना से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने को कटिबद्ध है। जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केसरी ने पार्टी की वैचारिक यात्रा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रनिष्ठ बलिदान का वर्णन किया। जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने संगठन पर्व को आत्मनिरीक्षण और संकल्प का पर्व बताते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी के सिद्धांतों और सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कंसारी एवं कमलेश तिवारी तथा आभार प्रदर्शन विकास वर्मा ने किया। इस दौरान करताराम गुप्ता, सोमनाथ सिंह, आलोक दुबे, हरमिंदर सिंह, रमेश जायसवाल, अजय सिंह, रूपेश दुबे, प्रयागराज साहू, अशोक दुबे, दीपक सिंह तोमर, शैलेन्द्र शर्मा, मुरारीलाल बंसल, निर्मल पाण्डेय, नरेंद्र सिंह टुटेजा, राहुल त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

## विधायक उद्धेश्वरी ने दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने भेंट मुलाकात के तहत सामरी क्षेत्र के दूरस्थ अंचल लक्ष्मणपुर, बेतपानी, टाटीझरिया, गजाधरपुर के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने प्रधान मंत्री आवास एवं महतारी वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं का विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए शासन द्वारा दी गई स्वीकृत आवास को जल्द से जल्द बनाने की बात कही। ग्रामीणों ने विधायक उद्धेश्वरी पैकरा से ग्राम पंचायत से संबंधित मूलभूत सुविधाओं के बारे में कई प्रकार की मांग रखी। जिस पर पहल करते हुए कुछ समस्या को मौके पर निराकरण करते हुए शेष समस्या को जल्द से जल्द निराकरण कराने की बात कही।



सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा नवरात्र के अवसर पर सामरी में कराए जा रहे 16 जोड़ी विवाह में शामिल होकर वर वधू को दी गई आशीर्वाद दिया। इसके अलावा कुसमी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बैंक कुसमी में किसानों एवं ग्रामीण जनता के बीच सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा पहुंच कर हाल चाल जाना। किसान सहित ग्रामीणों ने बैंक में हो रही परेशानी से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले सभी के खाता से बिना खाद एवं नगद राशि लिए बिना एक एक लाख रुपए खाता से आहरण कर लिया गया है जिससे परेशान है। जिसकी शिकायत बलरामपुर कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारी से किया गया लेकिन आज तक किसी प्रकार की राहत नहीं मिल सकी। वर्तमान में पदस्थ बैंक के अधिकारी कर्मचारी एवं गार्ड द्वारा सभी के खाते को होल्ड कर दिया है। खाता से होल्ड हटाने हेतु 2000 दो हजार रुपए लिया जा रहा है।

ड्रावल फॉर्म देने में 20 से 50 रुपए गार्ड द्वारा वसूली की जा रही है। जिस पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत अधिकारी के पास हो चुकी है जिसका उच्च स्तरीय जांच चल रही है। साथ बैंक से खाता होल्ड हटाने एवं फार्म देने पर 20 से 50 रूपए लेने पर अधिकारी व कर्मचारियों को बुलाकर जमकर फटकार लगाई। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक पांडेय, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह पैकरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक त्रिपाठी को किया गया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं सरगुजा भाजपा के आधार स्तंभों में से एक स्व.रविशंकर त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने स्व.त्रिपाठी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा प्रकट की। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि स्व.रविशंकर त्रिपाठी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि संगठन के सच्चे सिपाही और विचारधारा के सजग प्रहरी थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भाजपा के विस्तार और क्षेत्र की सेवा के लिए समर्पित किया। उनके विचार, जीवनशैली और कार्यशैली आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। श्रद्धांजलि सभा में स्व.त्रिपाठी के राजनीतिक , सामाजिक और संगठनात्मक योगदान को स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान वरिठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अम्बिकेश केशरी, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, अजस सिंह, प्रयाग साहू, श्वेता गुप्ता, शशि जायसवाल, निश्चल प्रताप सिंह, विकास वर्मा, अंशुल श्रीवास्तव, मनोज सोनी, संजीव वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### रविशंकर स्मृति सेवा समिति ने पुण्यतिथि पर रवि को दी श्रद्धांजलि

स्व. रविशंकर स्मृति सेवा समिति द्वारा पूर्व विधायक एवं सरगुजा भाजपा के आधार स्तंभों में से एक स्व. रविशंकर त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर रूनझून तालाब के किनारे श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर मेजर अनिल सिंह, अजय अग्रवाल, भारत सिंह सिसोदिया, श्रीमती मंजूषा भगत, आलोक दुबे, राहुल त्रिपाठी, रमेश जायसवाल, हरमिन्दर सिंह टिन्नी, अनिल अग्रवाल, राज बहादुर सिंह, कैलाश मिश्रा, जितेन्द्र सोनी, जन्मजय मिश्रा, संतोष सिंह, विकास वर्मा, विकास पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, चन्द्रशेखर तिवारी, विश्वनाथ तिवारी, अभिषेक जायसवाल, अनिल पाण्डेय, श्वेता शुक्ला, मधु चौदहा, पिन्टू विश्वकर्मा, बंटी श्रीवास्तव, मनीष सिंह एवं समिति के देवेन्द्र सिंह, विद्यानन्द मिश्रा, विशाल गोस्वामी, आकाश गुप्ता, राजेश कश्यप व अन्य उपस्थित थे।





## राष्ट्रीय राजमार्ग पर रखे सामानों को हटाने दुकानदारों को अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के मुख्य मार्केट में सड़क किनारे दुकान लगाने वालों व एन एच सड़क पर दूकान के बाहर सामान रखकर रास्ता अवरोध करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

पिलखा नायब तहसीलदार द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए दुकानदारों को पंद्रह दिन के भीतर व्यवस्था को सुदृढ़ कराए जाने का मौका दिया गया है। गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के मुख्य मार्केट में एनएच 43 किनारे स्थित दुकानदारों द्वारा लंबे अरसे से दुकानों को सड़क तक पहुंचा दिया जाता है जिस वजह से रास्ता में अवरोध हो जाने पर आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी तारतम्य में बुधवार को पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह द्वारा नगर पंचायत शिवनंदनपुर सीएमओ सुनील सिन्हा व पुलिस बल के साथ मार्केट में घूमकर दुकानदारों को सड़क किनारे से दुकानों को हटाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पिलखा नायब तहसीलदार द्वारा दुकानदारों को पंद्रह दिन का मोहलत देते हुए दुकानों के बाहर सड़क तक सामान नहीं रखने व व्यवस्था सुदृढ़ रखने की सलाह दी है।पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह ने बताया कि दुकानदारों द्वारा निर्धारित मोहलत में यदि अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को व्यवस्थित नहीं किया जाएगा, तब उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में उचित अर्थदंड व जप्ती की कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने बताया कि दुकानदारों को सामान को सड़क किनारे हटाए जाने के साथ ही पान गुटखा दुकान संचालक जो शिक्षा संस्थान के पास संचालित हो रहे हैं, उनको कोटपा एक्ट की जानकारी देते हुए नियम का पालन करने समझाइश दी गई है।

- सामानों को व्यवस्थित नहीं करने पर की जाएगी जप्ती की कार्रवाई

## सुशासन तिहार पर पंचायतों एवं निकायों में लगाई गई समाधान पेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सुशासन तिहार के प्रथम चरण के अंतर्गत 8 अप्रैल से समस्या, शिकायत और मांगों को लेकर आवेदन करने की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हो गई। आवेदन लेने की प्रक्रिया शुक्रवार 11 अप्रैल तक चलेगी। आवेदक चिन्हित स्थानों पर जाकर अपनी मांग एवं समस्याओं को लेकर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक समाधान पेटी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कलेक्ट्रेट, नगरीय निकाय, जनपद से लेकर तहसील कार्यालयों में भी समाधान पेटी रखे गए हैं, जिसमें आवेदक तय फॉर्मेट से अपना आवेदन जमा कर सकते है।

- कलेक्टर सहित अधिकारी कर रहे है सतत मॉनिटरिंग



कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा सुशासन तिहार के सफल संचालन के लिए जिले के सभी नगरीय निकाय में सीएमओ, जनपद में तहसीलदार व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जनपद सीईओ को नोडल बनाया गया है। साथ ही 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी में प्राप्त आवेदन पत्रों के संकलन एवं जमा करने हेतु अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। आज कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर सहित नोडल अधिकारी सुशासन तिहार अंतर्गत आवेदन लेने की प्रक्रिया और इन केंद्रों में व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर द्वारा पंडो नगर, अजबनगर इत्यादि क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने आवेदन लेने की प्रक्रिया का अवलोकन किया और उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्या के निदान के लिए पहुंच रहे आवेदक सुगमता पूर्वक अपने आवेदन, समाधान पेटी से कर सके और उन्हें अपने आवेदन की पावती प्राप्त हो।

10-APRIL- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/10/2025 7:40 PM Page 1



# कितना रहेगा 'जाट' का फर्स्ट डे कलेक्शन! सनी देओल तोड़ेंगे 'गदर-2' का रिकॉर्ड?

*सनी देओल अभी अपनी अपकमिंग फिल्म 'जाट' को लेकर सुर्खियों में हैं। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' के बाद रिलीज हुए 'जाट' के ट्रेलर को काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला था और अब देखना यह है कि 10 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हो रही उनकी फिल्म को कैसी ओपनिंग मिलती है। काफी वक्त बाद सनी देओल ने फिल्म 'गदर-2' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाकेदार वापसी की थी, फिल्म की कमाई ने कई रिकॉर्ड तोड़े और अब देखना यह है कि क्या 'जाट' उनकी पिछली फिल्म का रिकॉर्ड तोड़ पाएगी।*

**मुंबई।** दमदार म्यूजिक और साउथ वाले फील के साथ सनी देओल की फिल्म 'जाट' में रणदीप हुड्डा बतौर विलेन नजर आएंगे, लेकिन साथ ही विनीत कुमार सिंह की दमदार अदाकारी का जादू भी फैंस को देखने मिलेगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि फिल्म का ओपनिंग डे कलेक्शन कितना रहने वाला है। तो बता दें कि 'गदर-2' का फर्स्ट डे कलेक्शन 40 करोड़ 10 लाख रुपये रहा था। लेकिन उस फिल्म को इतनी बड़ी ओपनिंग पाने में कई फैक्टर्स ने काम किया था, जिसमें लंबे वक्त से इस फिल्म के दूसरे पार्ट का इंतजार भी मुख्य था।



**पहले दिन 10 से 12 करोड़ कमाने की उम्मीद**

## 22 सीन्स पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची 'भारत' को इस शब्द से किया रिप्लेस

सनी देओल की फिल्म 'जाट'10 अप्रैल के दिन सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। 'जाट की रिलीज से एक दिन पहले सेंसर बोर्ड ने फिल्म पर कैंची चलाई है। सेंसर बोर्ड ने 22 कट्स लगाए हैं। इतना ही नहीं, कई शब्दों को भी सेंसर किया है। दिलचस्प बात ये है कि उन्होंने 'भारत' को भी दूसरे शब्द से रिप्लेस किया है।

### इन सीन्स को किया रिप्लेस

गला काटने वाले दो सीन, अंगूठा काटने वाला सीन, सिर कटने और बर्फ के टुकड़े पर खून से लथपथ सिर के गिरने वाला सीन, चर्च में ईसा मसीह की मूर्ति वाला सीन, एक बच्चे के साथ गलत बर्ताव वाला सीन, भीड़ के पैरों के नीचे इंडियन करंसी वाला सीन, लड़ाई के दौरान किरदार के माथे पर राष्ट्रीय प्रतीक के दिखने वाला सीन।

### इन शब्दों को किया रिप्लेस

- एक सीन में 'भारत' को 'हमारा'शब्द से रिप्लेस किया।
- 'मादरजात' शब्द को रिप्लेस किया।
- 'सेंट्रल' को 'लोकल' शब्द से रिप्लेस किया।
- अपशब्दों को हटाकर 'निकम्मा' और 'बेशर्मो' किया।
- एक डायलॉग को 'खाता नहीं, पीता नहीं' से बदला गया है।

महिला पुलिस इंस्पेक्टर और पुरुष इंस्पेक्टर से छेड़छाड़ वाले सीन का टाइम कम किया।

बात करें गोपीचंद के निर्देशन में बनी फिल्म 'जाट' के ओपनिंग डे कलेक्शन की तो ट्रेड विशेषज्ञों का अनुमान है कि फिल्म पहले दिन 10 से 12 करोड़ के बीच कमा लेगी। जहां तक एडवांस बुकिंग का सवाल है तो 'सिकंदर' के फ्लॉप होने के बाद अभी तक फैंस इस तरफ आकर्षित हो रहे हैं और अगर एडवांस बुकिंग का क्रेज बढ़ा तो फिल्म का फर्स्ट डे कलेक्शन 15 करोड़ रुपये तक भी जा सकता है। हालांकि, यह गदर-2 की तुलना में बहुत कम होगा, लेकिन गौर करने की बात यह है कि फिल्म 'जाट' को बनाने में सिर्फ 100 करोड़ रुपए की लागत आई है। ऐसे में अगर धीरे-धीरे ही सनी देओल और रणदीप हुड्डा की फिल्म यह आंकड़ा छू लेती है तो भी मेकर्स प्रॉफिट में रहेंगे। हालांकि फिल्म का पहला दिन यह तय करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा कि फिल्म को आगे कैसा रिस्पॉन्स मिलता है।

**हॉलीवुड मसाला**




## लोकी के रूप में लौट रहे हैं टॉम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'एवेंजर्स डूम्सडे' की जब से घोषणा हुई है, तभी से फैंस इस फिल्म की नई जानकारी के लिए उत्सुक रहते हैं। एक खबर के मुताबिक, टॉम हिडलेस्टन ने आखिरकार पुष्टि कर दी है कि वह एवेंजर्सः डूम्सडे में लोकी के रूप में लौट रहे हैं। प्रशंसक इसलिए भी लोकी की वापसी से खुश हैं, क्योंकि उन्हें एवेंजर्सः इन्फिनिटी वॉर की शुरुआत में ही मार दिया गया था। टिकटॉक स्टार मैक्स बैलेगडे के साथ एक इंटरव्यू में टॉम हिडलेस्टन ने कहा, "लोकी का किरदार निभाना मेरे जीवन का खास हिस्सा रहा है।



## ऑस्कर विजेता मार्विन लेवी ने ली अंतिम सांस

**हालीवुड।** मार्विन लेवी का 96 की उम्र में निधन हो गया है। मार्विन ने निर्देशक स्पीलबर्ग की ईटी द एक्स्ट्रा-टेरेस्ट्रियल, जुरासिक पार्क, शिंडलर्स लिस्ट, लिंकन जैसी फिल्मों के साथ सफलता दिलाने में मदद की। यह सभी फिल्में इंडस्ट्री में सबसे सम्मानित मार्केटिंग पेशेवरों में से एक रहीं। मार्विन लेवी ऑस्कर विजेता प्राप्त करने वाले एकमात्र पीआर प्रतिनिधि थे। मार्विन ने तकरीबन पांच सालों तक हॉलिवुड निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग के प्रचारक और सलाहकार का पद संभाला। वह स्पीलबर्ग की फिल्म निर्माण कंपनी एंबलिन एंटरटेनमेंट के प्रचारक थे। स्पीलवर्ग ने कहा, 'मार्विन का जाना मेरे और इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा नुकरसान है। वैसे तो यहां पर कई मीडिया अधिकारी हैं, लेकिन मार्विन जैसा कोई नहीं। मार्विन ने 50 से ज्यादा सालों तक सहयोग किया।



## 'ज्वेल थीफ' का नया गाना रिलीज...

**मुंबई।** सैफ अली खान जल्द ही 'ज्वेल थीफ' फिल्म से नेटफ्लिक्स पर लौट रहे हैं। इस बार वह इस फिल्म में एक लुटेरा बन कर आ रहे हैं। 'ज्वेल थीफ' का निर्देशन कूकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल ने किया है। फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'ज्वेल थीफ' 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का पहला लुक फरवरी में जारी किया गया था। नेटफ्लिक्स ने समय-समय पर फिल्म के बारे में अपडेट दी हैं, ताकि इस पर चर्चा होती रहे। अब फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना जारी किया है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के गाने के रिलीज के बारे में मंगलवार को ही बताया था। इसके बाद आज 'ज्वेल थीफ' का गाना 'जादू' रिलीज हुआ है। गाने को यूट्यूब पर देखा जा सकता है।



## 'कृष-4' में ट्रिपल रोल अदा करेंगे ऋतिक

**मुंबई।** ऋतिक रोशन 'कृष 4' में ट्रिपल रोल अदा करेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में प्रीति जिंटा, रेखा और विवेक ओबेरॉय भी इस फिल्म में अदाकारी करते हुए नजर आएंगे। बताया जाता है कि फिल्म में भूतकाल और भविष्यकाल भी दिखाया जाएगा, ताकि दर्शकों को कहानी समझ में आए। फिल्म में नई तकनीकि के इस्तेमाल किए जाने की उम्मीद है। हालांकि, फिल्म रिश्तों और भावनाओं पर ही आधारित होगी। काफी समय से इस बात पर चर्चा हो रही थी कि कृष फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म का निर्देशन कौन करेगा। इस पहेली से राकेश रोशन ने पर्दा उठा दिया है। उन्होंने बताया कि 'कृष 4' का निर्देशन खुद ऋतिक रोशन करेंगे। राकेश रोशन ने इंटाग्राम पर एक तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा 'दुग्गू 25 साल पहले मैंने तुम्हें एक अभिनेता के तौर पर लॉन्च किया था।

**टीवी मसाला**

## कपिल के ट्रांसफॉर्मेशन पर हैरान हुए फैंस...

**नई दिल्ली।** मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह पहले से काफी पतले और फिट नजर आ रहे हैं। कपिल ने अपना वजन कम करके सबको चौंका दिया है। उनका यह नया लुक देखकर फैंस हैरानी जता रहे हैं और जमकर तारीफ कर रहे हैं। कपिल शर्मा अपनी कॉमिक टाइमिंग और मजेदार अंदाज के लिए जाने जाते हैं। अब उन्होंने इस बार अपने शारीरिक बदलाव से लोगों का ध्यान खींचा है। वीडियो में वह स्लिम और ट्रिम अवतार में दिख रहे हैं, जो उनके पुराने लुक से बिल्कुल अलग है। अब कपिल के इस नए लुक पर फैंस मजेदार टिप्पणियां कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो के बाद फैंस अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, '20 साल का कपिल शर्मा वापस आ गया है।' वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा, 'आप कड़ी मेहनत मेहनत करने के लिए एक उदाहरण बन चुके हो।' अन्य यूजर ने लिखा, 'आप तो बिल्कुल फिट नजर आ रहे हो।' एक यूजर ने लिखा, 'कपिल कितने पतले हो गए हैं, कोई नई फिल्म कर रहे हैं क्या?' एक ने लिखा, 'कपिल तो दुबले नजर आ रहे हैं, लेकिन अच्छे लग रहे हैं।' हालांकि, कुछ यूजर्स ने कपिल के नए लुक पर हैरानी जताते हुए उनसे कई सवाल भी पूछे। एक यूजर ने कहा कि आप पहले ही अच्छे लगते थे, आपने इतना वजन कम क्यों किया है? वहीं, एक यूजर ने कहा, 'कुछ ज्यादा ही वजन कम हो गया है।' एक यूजर ने कहा कि गजब का ट्रांसफॉर्मेशन है, लेकिन आपने यह क्यों किया है?



## सितारों से सजेगा 'खतरों के खिलाड़ी' का नया सीजन

**नई दिल्ली।** रियलटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के नए सीजन का इंतजार सभी को बड़ी बेसब्री है। अब इसके 15वें सीजन को लेकर बड़ी अपडेट सामने आ रही है। शो के मेकर्स ने कई सितारों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। कुछ ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। 'कुमकुम भाग्य' सीरियल के अभिनेता बसीर अली के बारे में ये जानकारी सामने आ रही थी कि उन्हें शो का हिस्सा बनने के लिए ऑफर दिया गया था। अब अभिनेता ने इन खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनसे शो के लिए किसी ने संपर्क नहीं किया। आपको बताते चलें कि बसीर अली एकता कपूर के शो 'कुमकुम भाग्य' में अद्रिजा रॉय और पारस कलनावत के साथ मुख्य भूमिका में नजर आए। 'खतरों के खिलाड़ी' शो के 15वें सीजन के लिए कई खबरे मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए सामने आ रही हैं। इस शो में एल्विश यादव के भी शामिल होने की बातें चल रही हैं।



## कभी सिंगर तो कभी एक्टर बनने की कोशिश की डायरेक्टर बने तो हिंदी सिनेमा को दिया पहला सुपरस्टार

*नई दिल्ली। शक्ति सामंत बॉलीवुड के बड़े निर्देशकों में गिने जाते हैं। एक अध्यापक से लेकर निर्देशक बनने तक का उनका सफर संघर्ष भरा रहा है। उन्होंने बॉलीवुड को एक नया ट्रेंड दिया। अपनी मेहनत की बदौलत वह बॉलीवुड के उस स्थान पर पहुंचे जहां पहुंचने का निर्देशकों का सपना होता है। उन्होंने हिंदी सिनेमा के दिग्गज शम्मी कपूर, शर्मिला टैगोर और राजेश खन्ना जैसे कलाकारों के साथ काम किया।*

***बॉलीवुड को दीं बेहतरीन फिल्में :*** *बॉलीवुड के बेहतरीन निर्देशक शक्ति सामंत ने भारतीय सिनेमा को 'आवाज', 'अनुराग' और 'अमर प्रेम' जैसी बेहतरीन फिल्में दी हैं। उनकी मेहनत की वजह से ही उन्हें 'आराधना' और 'अमानुष' जैसी फिल्मों के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड से नवाजा गया। शक्ति सामंत ब्रिटिश इंडिया के बंगाल प्रेसीडेंसी में 13 जनवरी 1926 को पैदा हुए। तालीम हासिल करने के लिए वह अपने चाचा के साथ उत्तराखंड चले आए। उनकी शुरुआती पढ़ाई देहरादून में हुई। इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए दोबारा पश्चिम बंगाल चले आए। 1944 में उन्होंने कलकत्ता यूनिवर्सिटी से स्नातक की उपाधि हासिल की।*



***बनना चाहते थे सिंगर और एक्टर :*** *शिक्षा हासिल करने के बाद शक्ति सामंत ने बॉलीवुड का एक्टर बनने का सपना देखा। इसलिए, वह बॉम्बे के करीब के इलाके दापोली पहुंचे। यहां उन्होंने एक शिक्षक की नौकरी कर ली। यह जगह मुंबई से 200 किलोमीटर दूर थी। हालांकि, इससे पहले वह एक गायक बनना चाहते थे। 1947 में वह शक्ति बर्मन के पास ऑडिशन के लिए भी गए। बर्मन ने उन्हें एक कोरस गाने में गाने का ऑफर दिया।*

***सहायक निर्देशक तौर पर किया काम :*** *शक्ति सामंत का गायकी की तरफ मन नहीं लगा। इसलिए, उन्होंने निर्देशन की तरफ रुख किया। उन्होंने 1948 में सतीश निगम के साथ सहायक निर्देशक के तौर पर काम करना शुरू किया। उन्होंने राज कपूर की फिल्म 'सुनहरे दिन' में सहायक निर्देशक की भूमिका निभाई। इसके बाद उन्होंने निर्देशक ज्ञान मुखर्जी और फानी मजूमदार के साथ काम किया। इस दौरान उन्होंने 'तमाशा' और 'धोबी डॉक्टर' जैसी फिल्मों में काम किया।*

***अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई :*** *बतौर निर्देशक शक्ति सामंत ने 1954 में 'बहू' फिल्म का निर्देशन किया। इसके बाद इन्होंने बॉलीवुड को 'इंस्पेक्टर', 'डिटेक्टिव' और 'हिल स्टेशन' जैसी फिल्में दीं। 1957 आते-आते वह इतना कामयाब हो गए कि उन्हेंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी 'शक्ति फिल्म्स' की शुरुआत कर दी। इस बैनर तले उन्होंने सबसे पहली फिल्म 'हावड़ा ब्रिज' बनाई। यह फिल्म हिट रही। यह उनके कॅरियर का टर्निंग पॉइंट था। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

## लंदन के 'सीन्स इन द स्क्वायर' में लगेगा शाहरुख-काजोल का स्टैच्यू

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी शाहरुख खान और काजोल की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के नाम एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। डीडीएलजे अब लीसेस्टर स्क्वायर लंदन में स्थापित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन जाएगी, जिससे जुड़ा स्टैच्यू यहां लगेगा। शाहरुख और काजोल का फिल्म के एक सीन का स्टैच्यू 'सीन्स इन द स्क्वायर' में लगेगा। इसकी घोषणा हार्ट ऑफ लंदन बिजनेस अलायंस ने की। लीसेस्टर स्क्वायर में 'सीन्स इन द स्क्वायर' मूवी ट्रेल में अब डीडीएलजे के रूप में एक नई प्रतिमा लगेगी। यह हिंदी सिनेमा की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म के 30 साल पूरे होने के जश्न की शुरुआत होगी। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्देशित पहली फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के नाम पहले से भी कई रिकॉर्ड और अवॉर्ड हैं। इस नए स्टैच्यू में फिल्म के प्रमुख कलाकार शाहरुख खान और काजोल की डीडीएलजे के एक सीन को दिखाती हुई कांस्य की प्रतिमा लगाई जाएगी। इस स्टैच्यू का अनावरण इस साल वसंत में 20 अक्टूबर को फिल्म के 30 साल पूरे होने से कुछ महीने पहले होगा। फिल्म को यह उपलब्धि मिलना ये दर्शाता है कि ब्रिटिश साउथ एशियाई लोगों में 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' कितनी प्रसिद्ध है।



### 1971 में 'गुड्डी' से किया डेब्यू , जया बच्चन से जुड़े ये दिलचस्प किस्से

## ठुकरा दी बासु चटर्जी की फिल्म, 17 साल रहीं फिल्मों से दूर

*नई दिल्ली। अभिनेत्री जया बच्चन ने साल 1971 में फिल्म 'गुड्डी' से डेब्यू किया। तब वे जया भादुड़ी हुआ करती थीं। जया बच्चन सिनेमा की दुनिया में कई यादगार फिल्मों का हिस्सा रहीं। आज के दौर में वे अपने सख्त व्यवहार के लिए जानी जाती हैं। अक्सर वे लोगों, मीडिया और फैंस पर नाराजगी जताती दिखाई देती हैं। मगर, जया बच्चन शुरुआत से ही अपनी फिल्मों और अन्य कार्यों के मामलो में अपने निर्णयों को लेकर काफी स्पष्ट रही हैं। वे राजनीति में भी सक्रिय हैं और समाजवादी पार्टी से राज्यसभा सांसद हैं। 9 अप्रैल को जया बच्चन ने अपना जन्मदिन मनाया।*

***15 की उम्र में शुरू की अदाकारी :*** जया बच्चन का जन्म 9 अप्रैल 1948 को मध्य प्रदेश के जबलपुर में हुआ। जया बच्चन ने महज 15 साल की उम्र में अभिनय पारी शुरू कर दी थी। उन्होंने निर्देशक सत्यजीत रे की बंगाली फिल्म 'महानगर' (1963) में सहायक अभिनेत्री की भूमिका निभाई। उन्होंने इसके बाद दो और बंगाली फिल्में कीं। फिर 'गुड्डी' से बॉलीवुड में दस्तक दी।

***एफटीआई में गोल्ड मेडलिस्ट रहीं :*** जया बच्चन पढ़ाई में अव्वल रहीं। उन्होंने अभिनय की बाकायदा पढ़ाई की है। सत्यजीत रे के साथ काम करते हुए ही जया ने पुणे में फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआई) ज्वाइन किया। वहां गोल्ड मेडल के साथ वे पास हुईं।



***बासु चटर्जी ने नहीं की थी प्रतीक्षा :*** जया बच्चन जब इंस्टीट्यूट में पढ़ रही थीं तभी बासु चटर्जी अपनी फिल्म में काम करने के लिए उनसे बात करने आए थे। चटर्जी से जया ने कहा था कि कोर्स पूरा करने से पहले कोई भी छात्र फिल्म में काम नहीं कर सकता, ऐसा नियम है। तब चटर्जी ने जया से कहा था कि उनके जैसी कलाकार के लिए इंस्टीट्यूट की पढ़ाई का कोई महत्व नहीं है। छोड़ दो कोर्स। लेकिन, जया ने ऐसा नहीं किया था। बासु चटर्जी ने भी उनकी प्रतीक्षा नहीं की थी।

***इस एक्टर का किया नामकरण :*** जब जया बच्चन फिल्म इंस्टीट्यूट में पहुंची तब शत्रुघन सिन्हा उनके सीनियर थे। वहीं, डैनी उनके जूनियर। पहली बार में ही उन्हें मेरिट स्कॉलरशिप मिल गई। पहली छात्रवृत्ति जया और दूसरी डैनी को। दिलचस्प बात यह है कि डैनी का असली नाम 'शेरिंग फैंटसो' था।

***बढ़ी बिग बी से करीबी :*** जिन दिनों जया बच्चन पुणे में पढ़ाई कर रही थीं तो उसी दौरान अमिताभ बच्चन अपनी पहली फिल्म 'सात हिंदुस्तानी' के लिए आए। जया बच्चन उन्हें पहचानती थीं। जया बच्चन की सहेलियां अमिताभ को लंबू-लंबू कहकर चिढ़ा रही थीं, लेकिन जया ने उन्हें संजीदगी से लिया। उनके मन में उस समय अमिताभ बच्चन की छवि, हरिवंशराय बच्चन के संस्कारी और सादगी पसंद बेटे की थी। ऋषिकेश मुखर्जी ने अपनी फिल्म 'गुड्डी' के लिए पहले जया भादुड़ी के साथ अमिताभ बच्चन को कॉस्ट किया था। बाद में अमिताभ बच्चन को इस फिल्म से निकाल दिया गया। फिल्म इंडस्ट्री के जानकार मानते हैं कि अमिताभ के लिए जया के मन में एक तरह का प्रेम या सहानुभूति इसी घटना के बाद हुई थी।

***प्रेग्नेंसी में किया काम :*** करीना कपूर से लेकर दीपिका पादुकोण तक, तमाम अभिनेत्रियों ने प्रेग्नेंसी में काम किया है और इसके चलते वे चर्चा में रही हैं। मगर, इस लिस्ट में जया बच्चन का नाम भी शामिल है। शादी के बाद भी जया फिल्में करती रहीं। 'शोले' फिल्म के दौरान जया मां बनने वाली थीं। इस फिल्म के रिलीज होने के बाद जया ने श्वेता को जन्म दिया। उन्होंने प्रेग्नेंसी के दौरान फिल्म की शूटिंग की।

**अमिताभ और रेखा के साथ की सिलसिला फिल्म :** हालांकि, मां बनने के बाद जया बच्चन फिल्मों से दूर हो गईं। फिल्मों से दूर रहने का फैसला बच्चन परिवार का सामूहिक फैसला था। साल 1981 में जया बच्चन ने अमिताभ और रेखा के साथ सिलसिला फिल्म की। इस फिल्म के बाद जया ने फिल्मों दूरी बना ली। इस फिल्म के रिलीज होने के 17 साल बाद वह 'हजार चौरासी की मां' फिल्म में नजर आईं।

***जया की टिप्पणी पर बिग बी को मांगनी पड़ी थी माफी :*** *साल 2008 में 'द्रोणा' फिल्म के प्रमोशन के दौरान प्रियंका चोपड़ा हिंदी में बात कर रही थीं। इस दौरान जया बच्चन ने प्रियंका का हौसला बढ़ाते हुए कहा 'हम यूपी के लोग हैं इसीलिए हिंदी में बात करें, महाराष्ट्र के लोग माफ कीजिए'। उनके इस बयान पर राज ठाकरे नाराज हो गए। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि अगर वो माफी नहीं मांगेंगी तो बच्चन की सभी फिल्मों को बैन किया जाएगा। जया ने माफी नहीं मांगी तो अमिताभ की फिल्म 'द लास्ट लियर' की रिलीज के बाद थिएटर में तोड़-फोड़ की जाने लगी। आखिर अमिताभ बच्चन ने जया के बदले माफी मांगी थी।*

## खबर संक्षेप

### संभागायुक्त ने लापरवाही पर जताई नाराजगी

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग आयुक्त नरेंद्र दुग्गा ने सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत रघुनाथ नगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में कमियां पाए जाने पर संभागायुक्त आयुक्त ने सीईओ वाड्रफनगर पर नाराज़गी जताई। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने देखा कि ग्राम पंचायत में समाधान पेटी व्यवस्थित रूप से नहीं लगाई गई है। साथ ही, प्रचार-प्रसार में कमी, पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्रों की अनुपलब्धता, भ्रमण दल का गठन न होना, और आवेदन पत्र भरवाने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित न करना जैसी गंभीर लापरवाहियां सामने आईं। इसके अतिरिक्त, आयुक्त ने ग्राम बेबदी का भी दौरा कर ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि मार्च माह का राशन अब तक 171 हितग्राहियों को प्राप्त नहीं हुआ है।

### सुरक्षा अधिकारी को फोन से गाली देने व धमकाने मामले में अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** गत चार अप्रैल को देर रात एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी को फोन पर गाली गलौज करने व गायत्री खदान से कोयला चोरी में अवरोध उत्पन्न करने की बात कहते हुए धमकाने मामले में प्रार्थी एसईसीएल कम्पनी क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह की रिपोर्ट पर धमकी देने वाले आरोपी मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 296,351(4) के तहत बिश्रामपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### मधुमक्खियों के छत्तों से मंडरा रहा खतरा

**राजपुर।** नगर के बीच मौजूद सेमर के पेड़ पर लगे मधुमक्खी के छत्ते किसी बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे है। बीच नगर में पेड़ पर मौजूद छत्तों के कारण हर समय मधुमक्खियों के हमले का ख़तरा बना हुआ है। ऐसे ने वार्डवासियों ने तत्काल इस छत्ता को हटाने की मांग नगर पंचायत अध्यक्ष व सीएमओ से करते हुए ज्ञापन सौंपा है। बता दें कि नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड कमांक 7 महुआपारा पानी टंकी के पास स्थित सेमर के पेड़ में काफी संख्या में मधुमक्खियों के बड़े बड़े छत्ते मौजूद है। छत्तों से मधुमक्खियों का झुण्ड हर समय मंडराता रहता है और यही वजह है कि लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। पतझड़ में पेड़ से पत्ते गिरने के बाद पेड़ पर मौजूद छत्तों को देखकर लोगों में डर का माहौल है। लोगों को हर समय मधुमक्खियों के हमले का डर बना रहता है। इसके साथ ही आस-पास निवासियों, दुकानदारों एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं का मुख्य मार्ग पर आने-जाने से परेशानी हो रही है। ऐसे में वार्ड के लोगों ने तत्काल पेड़ व छत्ते को हटाने की मांग करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष व सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान विजय यादव, दिपक कुमार सोनी, प्रदीप सोनी, हैदर अली आदि मौजूद थे। वृक्ष कटाई अधिनियम के तहत वन विभाग और राजस्व निरीक्षक से रिपोर्ट मंगाई गई थी। रिपोर्ट आई है कि मधुमक्खी का छत्ता तो है उस कारण पेड़ काटना उचित नहीं है। लोकहीत के आधार में ग्राउंड बनता है तो वृक्ष कटाई करेगें, अन्यथा मधुमक्खी का छत्ता हटाएंगे।

### धर्माध्यक्ष पास्कल टोपनो की अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़

**अम्बिकापुर।** सरगुजा धर्म प्रांत के दूसरे धर्माध्यक्ष व अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व महाधर्माध्यक्ष पास्कल टोपनो की अंतिम यात्रा निकाली गई। बुधवार की सुबह 9 बजे उनके स्व. टोपनो के निवास रिंगरोड नमनाकला स्थित ख्रीस्त मिलन आश्रम से निकली अंतिम यात्रा नवापारा स्थित बेदाग ईश माता महागिरिजघर में सम्पन्न हुई। इस दौरान अंतिम यात्रा में शामिल होने लोगों का हुजूम उमड़ पडा। अंतिम यात्रा के दौरान रोड के दोनों तरफ मानव श्रृंखला बना कतारों में हजारो की संख्या में समुदाय के लोग पुष्प वर्षा कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते रहे।महागिरिजाघर में प्रातः 10 बजे सेअन्तिम संस्कार से जुड़े समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ हुए। धर्मविधि के मुख्य अनुष्ठाता अम्बिकापुर धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप डॉ. अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में श्रधांजलि मिस्सा समारोह को डेढ़ दर्जन धर्माध्यक्ष ने संयुक्त रूप से पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराए। इस अवसर पर बिशप अंतोनिस बड़ा ने कहा की हमारे बीच से एक सरल सहज व्यक्तित्व के धनी पास्कल टोपनो जी अंतिम यात्रा पर निकले चुके हैं।

## भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर शहर में विविध आयोजन

# अहिंसा परमोधर्म का संदेश: जैन समाज ने निकाली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर गुरूवार को बैकुंठपुर स्थित जैन मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जैन समाज द्वारा निकाली गई इस रैली में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान महावीर की मंगल आरती और पूजा से हुई। रैली में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित समाज के सभी वर्गों के लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए शांति, अहिंसा और सद्भावना का संदेश फैलाती रही।

रैली के दौरान अहिंसा परमोधर्म और जियो और जीने दो जैसे नारों के माध्यम से भगवान महावीर के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर जैन समाज के सदस्यों ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन, उनके उपदेशों और उनके द्वारा बताए गए जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर परिसर में सामूहिक प्रार्थना कर विश्व शांति की कामना की गई। इस अवसर पर इंदरचंद ललवानी, इंदरचंद वैद्य, आरके जैन, जगत वैद्य, हरीश ललवानी, रमेश जैन, अरुण जैन, जयचंद ललवानी, पवन जैन, सुभाष ललवानी, सुनील ललवानी, मयंक जैन, विनोद वैद्य, मोहित, गौरव, अंकित, दिव्य, दीपक, अक्षय, ऋषभ, उदित, अरिहंत, संस्कार जैन एवं महिला मंडल की महिलाएं, युवतियां काफी संख्या में मौजूद रहे।





शहर में निकली शोभायात्रा।

### नगर हुआ अहिंसा के नारों से गुंजायमान

मनेन्द्रगढ़। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में भगवान महावीर स्वामी की जयंती का पर्व हर्षोउल्लास और भक्तिभाव से मनाया गया। जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के पावन अवसर पर मनाई जाती है। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई जैन मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में श्रावक-श्राविकाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। बैंड-बाजों की मधुर धुनों और भगवान महावीर की झांकियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा के दौरान अहिंसा परमो धर्म और जिओ और



जीने दो जैसे नारों से शहर की गलियां गूंज उठीं। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजन और अतिथियों ने उद्बोधन भी दिया, जिसमें भगवान महावीर के सिद्धांतों—अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अचौर्य पर प्रकाश डाला गया। समारोह के अंत में सामूहिक प्रार्थना और शांतिधारा का आयोजन हुआ। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कॉलरीकर्मी को लोन दिलाने के नाम पर सहकर्मी ने की 40 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कॉलरी कर्मी को लोन दिलाने के नाम पर सहकर्मी ने पहले उसके नाम से एसबीआई बिश्रामपुर शाखा से चेक बुक जारी कराया और बाद में सूरजपुर व अंबिकापुर स्थित अलग अलग फाइनेंस कंपनियों से चालीस लाख रुपये लोन की राशि को निकालकर हड़प लेने का मामला सामने आया है, उक्त मामले में प्रार्थी कॉलरी कर्मी रामधन पिता चमरू 56 वर्ष जाति कंवर निवासी सुदामनगर चौकी करंजी की शिकायत जांच पश्चात मामला सही पाए जाने पर अजाक पुलिस ने साथी कॉलरी कर्मी होमदास पिता स्व. हीरालाल निवासी क्वार्टर नंबर 671 चोपड़ा कॉलोनी बिश्रामपुर व एक अन्य महिला सीमा प्रजापति निवासी हॉटमेन कॉलोनी थाना भटगांव के खिलाफ धारा 120 बी, 294, 420, 506 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम की विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।घटना करीब तीन वर्ष पूर्व की बताई गई है।

आजाक पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रामधन राम पिता चमरू जो एसईसीएल बिश्रामपुर में टेंडल के पद पर कार्यरत है, करीब तीन वर्ष पूर्व उसे पैसे की आवश्यकता महसूस होने पर उसने अपने साथी कोल कर्मी होमदास जो अपनी पत्नी के नाम पर एसबीआई बिश्रामपुर में बतौर कमीशन एजेंट के रूप में काम भी करता है, उसके स्टेट बैंक में अच्छी जान पहचान होना जान कर उससे प्रार्थी ने लोन दिलाने की बात की जिस पर होमदास तैयार हो गया, आरोपी होमदास ने पहले उसके एसबीआई बिश्रामपुर के बचत खाते से चेक बुक जारी कराया और बाद में उसे अंबिकापुर व सूरजपुर स्थित अलग अलग फाइनेंस कंपनियों में ले जाकर कई दस्तावेजों व चेक में हस्ताक्षर करा लिया।

## श्रीमद्भागवत कथा : भक्ति भाव से सराबोर हुआ वातावरण



कथा वाचक कमल त्रिवेदी।



कथा सुनते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

शहर के जूनापारा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भक्तिमय माहौल में जारी है। देवरीसागर से पधारे पंडित कमल त्रिवेदी प्रतिदिन अपरान्ह 4 बजे से कथा वाचन कर रहे हैं।

कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और वातावरण श्रीकृष्ण भक्ति से सराबोर हो उठा है। पंडित त्रिवेदी ने कथा के प्रारंभ में भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह ग्रंथ मानव जीवन को धर्म, ज्ञान, वैराग्य और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करता है। कथा के दूसरे दिन उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिसमें पूरे पंडाल में नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष गूंज उठे।

श्रद्धालु झूम उठे और कई स्थानों पर फूलों की वर्षा की गई। आयोजनकर्ता सुरेशचंद्र बड़ेरिया एवं दिनेशचंद्र बड़ेरिया ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करें और धर्म लाभ प्राप्त करें। कथा के पश्चात प्रतिदिन भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। आने वाले दिनों में गोवर्धन लीला, रासलीला, उद्धव-गोपियों संवाद और सुदामा चरित्र जैसे प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिसे सुनने के लिए श्रद्धालु उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## वाहन चेकिंग अभियान में 1 हजार 569 लोगों के विरूद्ध की गई एमवी एक्ट की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की खैर नहीं अब शराब पीकर चलाते पाए गए तो चालान के साथ गाड़ी भी जब्त की जा रही है। सड़क हादसों को रोकने के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने यातायात नियमों के उल्लघंन सहित शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

पुलिस द्वारा वाहन चेक प्वाईंट लगाकर सभी दो पहिया, चार पहिया और भारी वाहनों के चालकों की जांच की। मुख्य सड़क से गुजरने वाले सभी वाहनों के चालक की ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच की। यातायात प्रभारी सहित थाना-चौकी की पुलिस वाहन चेकिंग प्वाईट पर मुस्तैदी से चेकिंग की गई। पीछले माह जिले की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 9 लोगों को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा जिनकी गाड़ी जब्त किया गया है। वहीं बिना हेलमेट के 10, बिना सीट बेल्ट के 51, नियम तोड़ने के 269, तेज गति से वाहन चलाने 11, माल वाहक पर यात्री परिवहन के 11 व यातायात नियमों के उल्लघंन पर 1 हजार 210 सहित कुल 1 हजार 569 लोगों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट की कार्रवाई कर 3 लाख 13 हजार 4 सौ रूपये समन शुल्क किया। चेकिंग के दौरान यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी और कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस ने 1 हजार 569 लोगों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई की जिसमें 9 चालक शराब के नशे में पाए गए जिनके विरूद्ध इस्तगाशा न्यायालय पेश किया गया। थाना-चौकी की

## पृष्ठ 1 का शेष

### अमृतधारा जलप्रपात में...

से सटे ऊपरी हिस्से को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया है। अब इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का आवागमन, स्नान करना और सेल्फी लेना पूर्णतः वर्जित रहेगा। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश लोक सुरक्षा को ध्यान में रखकर जारी किया गया है और इसके उल्लंघन पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश अगले आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

पहले भी हो चुके हैं हादसे- अमृतधारा जलप्रपात की सुंदरता से राज्य भर के पर्यटकों को आकर्षित करती है, लेकिन सुरक्षा नियमों की अनदेखी के चलते यहां कई हादसे हो चुके हैं। प्रशासन द्वारा चेतावनी बोर्ड लगाए जाने के बावजूद पर्यटक लापरवाही करते हैं, जो जानलेवा साबित हो रही है। जिला प्रशासन ने पर्यटकों से अपील किया है कि वे प्रशासनिक निर्देशों का पालन करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते समय सुरक्षा को सर्वोपरि रखें।

स्थानीय युवकों ने निकाला था शव- बीते 8 अप्रैल को एसईसीएल के 8 अधिकारियों का दल पिकनिक मनाने अमृतधारा पहुंचा था। पिकनिक के दौरान दोनों अधिकारी स्नान के लिए जलप्रपात के नीचे उतरे, लेकिन तेज बहाव और गहराई का अंदाजा न होने के कारण डूबते चले गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और एसईसीएल की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। किंतु स्थानीय युवक राधेश्याम, प्रताप कुमार, मनीशंकर और श्यामवरन के काफी प्रयासों से दोनों के शव निकाले गए थे।

जलप्रपात में ये सावधानियां रहेंगी लागू- स्नान पूरी तरह प्रतिबंधित, सेल्फी जोन को चिन्हांकित कर निषेध, चेतावनी बोर्ड लगाए गए, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और निगरानी व्यवस्था

### मंत्री लक्ष्मी ने ...

तीर्थ दर्शन का पुण्य प्राप्त कर सकें। इस योजना के अंतर्गत कोरिया जिले के 109 श्रद्धालु विभिन्न पवित्र तीर्थस्थलों की यात्रा पर भेजे जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि श्रद्धा, सेवा और सम्मान के इस संगम में सहभागी बनकर आत्मिक संतोष की अनुभूति होती है। सरकार की यह योजना न केवल आध्यात्मिक लाभ प्रदान करती है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी मजबूती देती है। वहीं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, एसपी रवि कुर्रे तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर यात्रियों का स्वागत एवं अभिवादन किया। यात्रियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए मेडिकल जांच की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि हम सब की इच्छा होती है कि अपने माता-पिता को तीर्थ दर्शन कराएं, लेकिन कई बार संसाधनों की कमी से यह संभव नहीं हो पाता। यह योजना हमारे वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक बहुत ही उपयोगी पहल है। यात्रियों में यात्रा को लेकर भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर जिला भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, नगर पंचायत पटना अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, सुभाष साहू, अंचल किशोर राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्मिला सिंह एवं पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती कुंती चक्रधारी, तीरथ राजवाड़े, श्रीमती प्रियंका सिंह, हितेश सिंह, दीपा विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, शाहिद अशरफी, सतेन्द्र राजवाड़े, अवधेश सिंह, रोशन राजवाड़े सहित जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार्रवाई: जनकपुर के...

क्या है पूरा मामला- जनकपुर इलाके के ग्राम बहरासी स्थित गोविंद प्रजापति की निजी भूमि को तात्कालिक पटवारी और तहसीलदार के द्वारा राजस्व रिकार्ड में छेड़छाड़ करके दूसरे व्यक्ति माधव पनिका के नाम पर कर दिए थे। इसके बाद माधव पनिका ने उस भूमि को रामधनी यादव उर्फ डब्बू के नाम पर बिक्री कर दिया था। उक्त मामले की वैध भूमि मालिक गोविंद प्रजापति द्वारा पुलिस थाना जनकपुर में शिकायत की गई थी, जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जाँच लिया था। जाँच के दौरान पुलिस ने रामधनी यादव को मुल्ज़मि बनाकर जेल भेज दिया था, अब मुख्य आरोपी तहसीलदार और पटवारी को गिरफ्तार करके रिमांड के लिए मनेन्द्रगढ़ न्यायलय में पेश किया है। जनकपुर के न्यायाधीश के अवकाश में होने के करण मनेन्द्रगढ़ में पेश किए।

### गरज के साथ ...

के साफ रहने से दिन के तापमान में बढ़ोतरी होना शुरू हो जाएगा। इस कारण तेज गर्मी के असर का सामना करना पडेगा।

गेहूं चना को हुआ नुकसान- गुरूवार को हुई बेमौसम बारिश की मार खेतों में खड़ी रबी की प्रमुख फसल गेहूं एवं चना को हुई। जिले के कई क्षेत्रों में गेहूं की पकी फसल की कटाई नहीं हो पाई है,जो बेमौसम बारिश से भींग गया। इसके अलावा कुछ किसानों के खलिहान में मिंसाई के लिए रखे गए गेहूं भी भींग गया, इससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। कटाई के अंतिम समय में अचानक हुई बारिश ने खेतों में पकी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया, इससे गेहूं के क्वालिटी में असर पडेगा, इस कारण पूरी कीमत नहीं मिल पाएगी। इसी तरह चने की तैयार फसल भी खेतों में खड़ी है, जो भींग गई।

## बारिश से मौसम खुशनुमा...



**मनेन्द्रगढ़।** शहर में गुरुवार की सुबह तेज धूप थी, वहीं दोपहर बाद शाम के समय मौसम ने अचानक करवट बदला और झमाझम बारिश हुई, इससे मौसम खुशनुमा बना रहा।



## अमेरा खदान से कोयला चोरी के मामले में 6 लोगों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

कोयला खदान से चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके खिलाफ प्रतिबन्धात्मक कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी में प्रयुक्त बाइक जब्त किया है।

बता दें कि अमेरा स्थित कोयला खदान में आए दिन संगठित गिरोह द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। चोर बेखौफ होकर खदान से कोयला चोरी करते है। एसईसीएल सुरक्षा प्रभारी रिजवान खान ने 9 अप्रैल की सुबह पुलिस को सूचना दी थी कि चिलबिल, कटकोना, परसोड़ी गांव के लोगों द्वारा कोयला की चोरी की जा रही है और रोके जाने पर गाली गलौज और मारपीट पर उतारू हो गए है। इस सूचना के बाद थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस मयंक मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 6 लोगों को कोयला खदान क्षेत्र से पकड़ा। आरोपी खदान के सुरक्षाकर्मी से गाली गलौज और मारपीट कर रहे थे। पुलिस द्वारा उन्हें समझाने का प्रयास किया गया लेकिन जब वे नहीं माने तो पुलिस ने उन्हें प्रतिबन्धात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में दरिमा तुनगुरी निवासी 25 वर्षीय राजेश यादव आ. राम जगत यादव, 24 वर्षीय जगरदेव यादव आ. शिवजगत यादव, ग्राम पुटा निवासी 25 वर्षीय नरेश यादव आ. मुनेश्वर यादव, लहपटरा निवासी 27 वर्षीय धरम राजवाड आ. संतबिलास राजवाड़े, तुनगुरी निवासी 28 वर्षीय गणेश यादव आ. कमलेश यादव, 20 वर्षीय धनेश्वर यादव आ. रामजगत यादव को धारा 170/126,135 बीएनएस के तहत कार्रवाई की है और 7 बाइक को जब्त किया है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक रवि सिंह, पीताम्बर सिंह, विजय राज मरावी, आरक्षक दशरथ राजवाड़े डॉक्टर सिदार, चित्रसेन प्रधान सक्रिय रहे।

## सीआरपीएफ 62 वाहिनी मुख्यालय में मनाया गया शौर्य दिवस

अम्बिकापुर। सीआरपीएफ 62वीं बटालियन में बुधवार को कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में शौर्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कमांडेंट श्री सिंह ने शहीद स्मारक पर फूल माला चढ़ाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा शौर्य दिवस का महत्व बताया। उन्होंने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वीर जवानों की वीरता एवं अदम्य साहस को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित 62 बटालियन के बहादुर सिपाही रॉबिन सिंह, सिपाही कौशिक मंडल, सिपाही मिथलेश पाल, सिपाही शिवपाल उईके, सिपाही खोत सागर, सिपाही मिलन सिंह नेताम एवं सिपाही पटेल विशाल राम सिंह द्वारा विभिन्न स्थानों पर तैनाती के दौरान देश विरोधी ताकतों के विरूद्ध चलाए गए अभियान में बहादुरी एवं वीरता के लिए राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक प्रदान करने पर उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

रांची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

online Booking:-www.tripuryatra.com


23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411